# सोढ़ा ने सहायक मंडल वित्त प्रबंधक का कार्य संभाला

**जोधपुर**, (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मण्डल में ऋृषिराज सिंह सोढ़ा ने सहायक मण्डल वित्त प्रबंधक ( एडीएफएम ) का कार्यभार ग्रहण किया। सोढ़ा इससे पहले जोधपुर मण्डल में ही निर्माण लेखा कार्यालय में वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी के पद पर कार्यरत रहे।

अभी हाल ही में ऋृषिराज सिंह सोढ़ा ( चूड़ियास )का सहायक वित्त सलाहकार के पद पर चयन हुआ था। इस चयन के बाद सोढा ने सहायक मण्डल वित्त प्रबंधक का कार्यभार ग्रहण किया। सोढा द्वारा कार्यभार ग्रहण करने पर कर्मचारियों व अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इससे पहले निर्माण लेखा कार्यालय के कर्मचारियों व अधिकारियों ने सोढा का साफा बंधवाकर सम्मान किया और उन्हे विदाई दी।

ऋृषिराज सिंह सोढा द्वारा सहायक मण्डल वित्त प्रबंधक का कार्यभार ठाहण करने पर उनके शुभचिंतको ने उन्हे बधाईयां दी।

बधाई देने वालों में गोविन्द सिंह नाडसर, गोपाल सिंह जालसू, महिपाल सिंह ओसियां, चन्द्रपाल चौहान सजाड़ा, प्रेमपाल सिंह मुण्डारा, नरेन्द्र सिंह भाखरी, प्रदीप सिंह बोलागुड़ा, गिरवर सिंह सिंघासनी, अभय सिंह पैरवा, श्याम सिंह इन्द्रोका,ऑन . कप्तान नारायण सिंह खुडियाला, मदन सिंह गोरेड़ी, राजेन्द्र सिंह सांदरसर, इंजी . भंवर सिंह नाथावत किशन मानपुरा व बृजपाल सिंह रिंया श्यामदास आदि शामिल थे।

उल्लेखनीय है कि रेलवे के जोधपुर मण्डल में सहायक मण्डल वित्त प्रबंधक का कार्य भार संभालने वाले ऋृषिराज सिंह सोढा के पिता लाल सिंह सोढा भी जोधपुर मण्डल में वरिष्ठ गार्ड के पद पर कार्यरत थे।

जानकारी के अनुसार ऋृषिराज सिंह सोढा के दो बड़े भाई बृजराज सिंह सोढा व शम्भू सिंह सोढा भी रेलवे के जोधपुर मण्डल से ही वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी के पद से सेवानिवृत हुए।

## चौधरी रेल मंत्री वैष्णव से मिले

**पाली/जोधपुर**। पाली सांसद एवं एक राष्ट्र-एक चुनाव संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने पाली संसदीय क्षेत्र में रेल सुविधाओं के विस्तार हेतु विस्तृत चर्चा कर विभिन्न मांग पत्र भी सौंपे। सांसद चौधरी ने बिलाड़ा-रास नई रेल परियोजनाओं की स्वीकृति का मुद्दा रखते हुए कहा कि वर्षों से लंबित और अत्यंत आवश्यक उक्त नई रेल परियोजना के लिए 2014 से प्रयासरत है। प्रारंभ में बिलाड़ा-बर रेल लाइन प्रस्तावित थी, परंतु उसकी रिटर्न ऑन इन्वेस्टमेंट नकारात्मक पाया गया। बाद में बिलाड़ा-रास मार्ग को व्यवहारिक विकल्प चुना, फिजिबिलिटी स्टडी वर्ष 2022-23 में पूरी हुई। प्रस्तावित रेल लाइन लंबाई लगभग 52.6 किलोमीटर, अनुमानित निर्माण लागत लगभग 850 करोड़ में बनेगी।

# जातरूओं के लिए रेलवे ने जरूरी व्यवस्थाएं की

**जोधपुर**, (कासं)। 25 अगस्त से प्रारंभ हो रहे रामदेवरा मेले में आने वाले जातरुओं की सुविधा के लिए रेल प्रशासन द्वारा सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

जिसके तहत जहां मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन प्रारंभ किया जा चुका है वहीं जोधपुर और रामदेवरा रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों के लिए सहजता से टिकटों की उपलब्धता व अन्य मूलभूत सुविधाओं पर निगरानी रखी जा रही है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि प्रसिद्ध रामदेवरा मेला के दौरान प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में देश के विभिन्न स्टेशनों से यात्री रेल सेवा का उपयोग करके जोधपुर और रामदेवरा पहुंचते हैं इस वजह से रेल प्रशासन द्वारा हमेशा अतिरिक्त व्यवस्थाएं की जाती हैं।

उन्होंने बताया कि इसके तहत विशेषकर जोधपुर-रामदेवरा-पोकरण स्टेशनों के बीच मेला स्पेशल ट्रेनों का पर्याप्त संचालन,पानी,बिजली व स्टेशनों पर खानपान और यात्रियों को असामाजिक तत्वों से सुरक्षित रखने के लिए बंदोबस्त किए गए हैं। जोधपुर स्टेशन सीसीटीवी कैमरों की जद में है तथा रामदेवरा स्टेशन पर इस हेतु सात कैमरे लगाए गए है।

रामदेवरा मेला के मद्देनजर यात्रियों के लिए चिकित्सा सेवाओं की सदैव उपलब्धता, स्टेशनों पर यात्रियों के मार्गदर्शन हेतु रामदेवरा स्टेशन पर अतिरिक्त रेलवे स्टाफ की तैनाती,सभी जगहों पर पर उचित साफ सफाई,यात्रियों और उनके सामान की सुरक्षा हेतु आरपीएफ और जीआरपी स्टाफ की तैनाती,जनरल टिकट प्राप्त करने के लिए अतिरिक्त टिकट खिड़कियों की व्यवस्था तथा पर्याप्त संख्या में खानपान इकाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गई है।

## अवार्ड मिला

**पाली**, (नि.सं.)। 17 व 18 अगस्त को भीलवाड़ा में आयोजित भारतीय जैन संघटना के प्रांतीय अधिवेशन में पाली शाखा को राजस्थान का मोस्ट एक्टिव चौप्टर अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि पिछले गत आठ महीनों में पाली शाखा द्वारा फाउंडेशन कार्यक्रमों की निरंतर श्रृंखला में किये गए सामाजिक व सेवा कार्यों के आधार पर प्रदान की गई।

# जालोर में डॉक्टर कानाराम रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जालोर**, (कासं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. जालोर इकाई ने मंगलवार को कार्यवाही करते राजकीय चिकित्सालय जालोर के ट्रोमा सेंटर में कार्यरत मेडिकल ज्यूरिस्ट चिकित्सक डॉ. कानाराम पटेल को दो हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफतार किया।

एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशानुसार जोधपुर रेंज के उप महानिरीक्षक भुवनभूषण यादव के सुपरविजन में जालोर एसीबी के एएसपी मांगीलाल ने ट्रेप की कार्यवाही करते हुए बताया कि परिवादी के साथ 24 जुलाई को हुई मारपीट के प्रकरण जो कि पुलिस थाना कोतवाली जालोर में दर्ज है। उक्त प्रकरण में परिवादी की चोटों का चोट प्रतिवेदन जारी करने के एवज में जालोर राजकीय चिकित्सालय के ट्रोमा सेंटर के मेडिकल ज्यूरिस्ट डॉ. कानाराम पेटल द्वारा परिवादी से रिश्वत की मांग की गई। जिसका एसीबी जालोर द्वारा गोपनीय सत्यापन करवाया जाकर मंगलवार को ट्रेप की कार्यवाही की गई जिस पर डॉ.कानाराम को परिवादी से दो हजार रूपये रिश्वत की राशि प्राप्त करते हुए डरंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। एसीबी जोधपुर, रेंज उप महानिरीक्षक भुवन भूषण यादव के सुपरवीजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है।

एसीबी की ओर से मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

## स्काउट प्रशिक्षण कानाकोलर में

**पाली**, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय पाली के तत्वावधान में जिला स्तरीय राज्य पुरस्कार स्काउट एवं निपुण रोवर प्रशिक्षण शिविर कांबेश्वर महादेव मंदिर कानाकोलर, सुमेरपुर में दिनांक 21 से 25 अगस्त 2025 तक आयोजित किया जाएगा।

सी ओ स्काउट गोविन्द मीना ने बताया कि जिला स्तरीय राज्य पुरस्कार स्काउट प्रशिक्षण शिविर में पाली जिले से पिछले सत्र में 1330 स्काउट ने तृतीय सोपान परीक्षा उत्तीर्ण की है,

इसी के साथ पिछले सत्र में तृतीय सोपान उत्तीर्ण स्काउट जिन्होंने अभी तक राज्य पुरस्कार प्राप्त नहीं किया है वह संभागी भी इस शिविर में भाग ले सकेंगे। इस शिविर में मुख्य रूप से स्थानीय संघ बाली, नाना, खुडाला, बेड़ा, सुमेरपुर, सांडेराव, सादड़ी, रानी, मारवाड़ जंक्शन, देवली आउवा, कंटालिया, सोजत सिटी एवं सोजत रोड के संभागी भाग लेंगे।

सत्र 2025- 26 में राज्य पुरस्कार स्काउट प्रशिक्षण हेतु पूर्व में रायपुर मुख्यालय पर शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें 130 स्काउट गाइड ने सहभागिता की है विगत सालों से महामहिम राज्यपाल से राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र प्राप्त करने वालों में सर्वोच्च स्काउट गाइड की संख्या पाली जिले की रही है। बीते सत्र में राज्य में सर्वाधिक 470 स्काउट को राज्यपाल अवार्ड प्राप्त किया हुआ है जो एक ही जिले से इतनी संख्या में अवार्ड प्राप्त करने का एक कीर्तिमान है।

शिविर के संचालन हेतु मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार स्थानीय संघ सुमेरपुर, स्थानीय संघ बेड़ा , स्थानीय नाना, और स्थानीय संघ खुडाला के अलावा जिला मुख्यालय की टीम भी संचालन एवं प्रशिक्षण में सहयोग प्रदान करेगी।

# गिव-अप अभियान, 31 अपात्र हटा सकेंगे नाम

**जालोर**, (का.सं.)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत चयनित सक्षम व्यक्तियों से नाम पृथक करवाने के लिए चलाए जा रहे 'गिव-अप अभियान' 31 अगस्त तक चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में अब तक 540 अपात्र लाभार्थियों को नोटिस जारी किए गए हैं।

जिला रसद अधिकारी एवं जिला उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी आलोक झरवाल ने बताया कि गिव-अप अभियान के दौरान अब तक जालोर जिले में 6185 परिवारों एवं 27832 अपात्र व्यक्तियों ने आवेदन कर अपना नाम खाद्य सुरक्षा योजना से हटवाने के लिए ऑफलाइन आवेदन किए गए है। जालोर जिले में 540 अपात्र लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं जिनसे खाद्यान्न की बाजार दर से वसूली के साथ आवश्यक वस्तु अधिनियम के सुसंगत प्रावधानों के अंतर्गत वसूली की कार्यवाही की जायेगी। विभागीय निर्देशानुसार शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे परिवार जिसमें कोई आयकरदाता हो, जिसका कोई सदस्य सरकारी/अर्द्धसरकारी/स्वायत्तशासी संस्थाओं के कर्मचारी-अधिकारी हो, एक लाख रू. वार्षिक से अधिक पेंशन प्राप्त करतो हो एवं परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रेक्टर एवं एक वाणिज्यिक वाहन को छोड़कर जो कि जीवकोपार्जन में प्रयुक्त हो), जिसके सभी सदस्यों के स्वामित्व में कुल कृषि भूमि लघु कृषक की निर्धारित सीमा से अधिक हो, ग्रामीण क्षेत्र में 2 हजार वर्गफीट से अधिक स्वयं के रिहायशी के लिए निर्मित पक्का मकान हो, नगर परिषद क्षेत्र में 1 हजार वर्ग फीट व नगरपालिका क्षेत्र में 1500 वर्गफीट से अधिक क्षेत्रफल में निर्मित पक्का आवासीय/व्यवसायिक परिसरधारी परिवार (कच्ची बस्ती को छोड़कर) निष्कासन सूची में आते है। योजना से नाम हटाने के लिए 31 अगस्त, 2025 तक संबंधित व्यक्ति को अपनी उचित मूल्य दुकान पर जाकर निर्धारित फार्म भरना होगा।

इस प्रक्रिया के तहत उन्हें यह घोषणा करनी होगी कि वे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत आने के लिए अयोग्य है और स्वेच्छा से योजना से बाहर हो रहे है। ऑनलाइन विभागीय वेबसाइट पर आवेदन किए जा सकते है। गिव-अप अभियान के दौरान जो अपात्र व्यक्ति खाद्य सुरक्षा योजना से अपना नाम नहीं हटाएंगे उनके विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। ऐसे व्यक्तियों से उनके द्वारा प्राप्त खाद्यान्न की बाजार दर से वसूली करने के साथ ही आवश्यक वस्तु अधिनियम के प्रावधानों के तहत उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बैनर का विमोचन

**पाली**, (नि.सं.)। तेरापंथ भवन में 20 अगस्त से 27 अगस्त तक चलने वाले पर्युषण महापर्व के बैनर का विमोचन साध्वी काव्य लता ठाणा 4 के सानिध्य में तेरापंथ युवक परिषद के सदस्य अध्यक्ष पीयूष चोपड़ा मंत्री राजेश मंरलेचा राहुल गोलछा प्रकाश काकरिया रितेश सखलेचा विपिन बांठिया विनोद भंसाली रणजीत छाजेड़ ने किया।

बैनर में 8 दिन तक चलने वाले सुबह शाम के कार्यक्रम 8 दिन तक प्रयुषण पर्व आराधना को कैसे बनाना है उसका लक्ष्य रखा गया। साध्वी काव्य लता जी ने कहा कि 8 दिन हमें धर्म ध्यान और तपस्या में लगे रहना है। प्रतिदिन प्रवचन प्रतिक्रमण करना है।


**आम सूचना**

श्री गणपतराम पुत्र श्री भागुराम एवं श्री प्रभुराम पुत्र श्री हरलालसिंह, श्री गणेशाराम पुत्र नन्दाराम, श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री कानाराम , हम सभी की एक पार्टनरशिप फर्म मैसर्स जय श्री ग्रेनाईट नोसरा जिसका उधोग रजिस्ट्रेशन सं.- 17/15/18/2007 व जी.एस.टी.नं.- 08AAHFJ3701G1ZM यह है कि इन मेसे श्री गणपतराम व श्री ओमप्रकाश ने अपनी भागीदारी फर्म से दिनांक - 24.05.2010 को अपना हिस्सा राजी खुशी से सहमत हो के निकाल दिया है इसमे इनको कोई एतराज नही है शेष भागीदार प्रभुराम व गणेशाराम का अधिकार उक्त फर्म में रहेगा किसी भी भाई को कोई एतराज हो तो सुचना प्रकाशित होने के 7 कार्य दिवस के भीतर जिला उधोग केन्द्र में आपत्ति दर्ज करावे । (1) श्री गणपतराम (2) प्रभुराम (3) गणेशाराम (4) श्री ओमप्रकाश

दिनांक - 18.08.2025



**NOTICE TO DATE OF HEARING IN CRIMINAL CASE**
**(RULE 316)**
**IN**
**THE HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN AT JAIPUR**
**JYOTI LAKSHKAR V/S STATE OF RAJASTHAN & OTHERS**
OFFENCE U/S.............................
**S.B. CRIMINAL TRANSFER PETITION NO. 46/2023**
OF AGAINST THE JUDGEMENT DATED OF THE COURT OF ADDITIONAL CHIEF JUDICIAL MAGISTRATE, NO.01, KEKRI, DISTRICT-AJMER (RAJ.) IN CRIMINAL CASE NO. 321/2022
TO,
ANURAG LAKSHKAR S/O SH. BALRAM LAKSHKAR AGED ABOUT 32 YEARS, R/O NAGORI GATE, KILA ROAD, ASHIRWAD BHAWAN, JODHPUR.
TAKE NOTICE THAT THE ABOVE NOTED CASE WILL BE HEARD AND DISPOSED OF BY THIS COURT ON **8TH DAY OF SEPTEMBER 2025** AT 10.00 A.M. GIVEN UNDER MY HAND AND THE SEAL OF COURT THIS DAY OF **18.08.2025**.

**Registrar (Judicial)**
**Rajasthan High Court Bench Jaipur**


# जातरू की तबियत बिगड़ी, मौत

**जोधपुर**, (कासं)। तिंवरी कस्बे में रामदेवरा जातरू की अचानक से तबीयत बिगड़ गई। उसे अस्पताल ले जाया गया। मगर वहां उसकी मौत हो गई। रिश्तेदार की तरफ से मथानिया थाने में मर्ग की रिपोर्ट दी गई। मथानिया पुलिस ने बताया कि ब्यावर जिले के जैतारण स्थित बागियाडा का रहने वाला 50 साल का पुखराज जाट रामदेवरा दर्शनार्थ बाबा के लिए जा रहा था। तिंवरी के पास उसकी अचानक से तबीयत बिगड़ गई। इस पर उसे तत्काल सीएचसी ले जाया गया, मगर बाद में उसकी मौत हो गई। उसके रिश्तेदार सरदारराम जाट ने मर्ग में रिपोर्ट दी।

# गुणानुवाद सभा आयोजित

**पाली**, (नि.सं.)। श्री पुष्कर कुल कमल दिवाकर, राष्ट्रसंत दक्षिण सम्राट घोर तपस्वी नरेशमुनि म.सा. की सांसारिक बहन एवं श्रमण संघ की उपप्रवर्तनी राजस्थान सिंहनी चारित्र प्रभा म.सा की सुशिष्या डॉ. दर्शन प्रभा म.सा का संथारापूर्वक देवलोकगमन पर मंगलवार 19 अगस्त को श्री गुरू पुष्कर जैन साधना केन्द्र संस्थान में गुणानुवाद सभा का आयोजन किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री गुरू पुष्कर जैन साधना केन्द्र संस्थान के अध्यक्ष मांगीलाल मुणोत, कार्यकारी अध्यक्ष कान्तिलाल छाजेड़ एवं मंत्री रिखबचंद धारीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर लालचंद मेहता, जवरीलाल बाफना, उपाध्यक्ष अमरचंद संचेती, कोषाध्यक्ष तिलोकचंद गोलेच्छा, केवलचंद कवाड़, अशोक कवाड़, गौतम धारीवाल सज्जनराज धारोलिया, गौतम भंसाली, राजमल कवाड, ललित मेहता, बाबूलाल सालेचा, जीवन सालेचा, होशियारराज मेहता, रोहित गोलेच्छा, संदीप कवाड़, महिला मण्डल की रितू मेहता, संगीता बोहरा, सुनीत गोलेच्छा आदि मौजूद रहे।।

श्री संघ सभा अध्यक्ष विनयकुमार भंसाली, मंत्री गौतमचंद छाजेड़, पदमचंद ललवाणी, सम्पतरात तातेड़, भुरचंद तातेड़, रमेशकुमार मरलेचा, आनन्दराज गांधी, महेन्द्र कांकरीया, रूपचंद चौपड़ा, महिपाल रेड, उगम चौपड़ा, सुनील कटारिया सहित पाली जैन समाज की संस्थाओं के कईं पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## बछ बारस आज, बछड़े वाली गाय की पूजा होगी

**जोधपुर**, (कासं)। परिवार की सुख-समृद्धि और संतान की दीर्घायु के लिए मनाया जाने वाला बछ बारस का पर्व बीस अगस्त को उल्लासपूर्वक मनाया जाएगा। यह पर्व मां और संतान के बीच वात्सल्य भाव का प्रतीक माना जाता है। इस दिन विशेष रूप से बछड़े वाली गाय की पूजा-अर्चना की जाती है। भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्ययोत्सव के बाद आने वाला यह पर्व गोवर्धन पूजन की परपरा से भी जुड़ा हुआ है। इस दिन महिलाएं विशेष व्रत रखती हैं। परपरानुसार गेहूं से बने धान, गाय के दूध से बने व्यंजन और चाकू से कटी सब्जियों का परित्याग किया जाएगा। घर-घर में बाजरे की रोटी और मोठ-चने की सब्जी का पारपरिक भोजन बनाया जाता है। यह सादा आहार व्रत की शुद्धता और सात्विकता का प्रतीक है। सुबह सबसे पहले गाय और उसके बछड़े का पूजन कर उन्हें चारा खिलाया जाता है। इसके बाद माताएं अपने पुत्र-पौत्रों को आशीर्वाद देने की अनूठी रस्म निभाती हैं।

# 27 लाख सक्षम लाभार्थियों ने स्वेच्छा से छोड़ी खाद्य सबिसडी

**अजमेर**, (कासं)। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के मार्गदर्शन में राज्य सरकार निरन्तर वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री के स्पष्ट दिशा निर्देश है कि अंतिम पक्ति में खडे लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जाए ताकि वे समाज की मुख्याधारा से जुड़ सकें।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में असल हकदारों को एनएफएसए में स्थान देने के लिए विभाग द्वारा गिव अप अभियान गत वर्ष एक नवम्बर को शुरू किया गया। इस अभियान का उद्देश्य सक्षम लोगों को स्वेच्छा से खाद्य सब्सिडी त्यागने के लिए प्रेरित करना है।

गरीबों को खाद्य सुरक्षा का लाभ मिल सके। गिव अप अभियान के तहत प्रदेश भर में अब तक 27 लाख से अधिक सक्षम लाभार्थियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा छोड़ी है। उन्होंने कहा कि

■ **सक्षम लोगों का त्याग बन रहा गरीबों का निवाला**

गिव अप अभियान की ऐतिहासिक सफलता के कारण पात्र वंचित खाद्य सुरक्षा से जुड़ पा रहे है।

गिव अप अभियान के तहत स्वेच्छा से खाद्य सब्सिडी त्यागने एवं ईकेवाईसी नहीं करवाने के कारण एनएफएसए में बनी रिक्तयों से 5662268 पात्र वचिंतों को विभाग खाद्य सुरक्षा से जोड़ पाया है। उन्होंने कहा कि सक्षम लोगों का त्याग गरीबों के मुंह का निवाला बन रहा है। इस अभियान के माध्यम से खाद्य सुरक्षा सूची में नई रिक्तियाँ बनने से सूची में जुड़े पात्र परिवारों को न केवल पोषण युक्त अन्न उपलब्ध कराया जा रहा है। बल्कि उन्हें 25 लाख रूपये तक का नि:शुल्क इलाज, 10 लाख रुपए तक का दुर्घटना बीमा एवं 450 रूपये में प्रतिवर्ष 12 घरेलू सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। श्री गोदारा ने बताया कि गिव अप अभियान में व्यापक जनभागीदारी को देखते हुए इसकी अवधि 31 अगस्त तक बढ़ा दी गई है।

मुख्यमंत्री एवं खाद्य मंत्री के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा अंतर्गत जुड़े ऐसे परिवार जिनमें - कोई सदस्य आयकर दाता हो, कोई सदस्य सरकारी/अर्द्धसरकारी स्वायत्तशासी संस्था में कर्मचारी हो, एक लाख से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय हो एवं किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रेक्टर आदि जीविकोपार्जन में प्रयुक्त वाहन को छोड़कर), निष्कासन सूची में शामिल है। गिव अप अभियान के तहत जिले में 29 हजार एक लोगों ने स्वेच्छा से खाद्य सब्सीडी छोड़ कर इस मुहिम में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

# 550 करोड़ की परियोजनाओं से बदलेगा अजमेर का चेहरा

**अजमेर**, (कासं)। अजमेर को आधुनिक महानगर के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में 550.25 करोड़ रुपये की लागत से कुल 110 विकास परियोजनाएँ प्रगतिरत हैं। इनमें सड़क, पेयजल, विद्युत, जल निकासी सहित चिकित्सा एवं सामाजिक आधारभूत संरचना से जुड़े बहुआयामी कार्य शामिल हैं, जिन पर तेजी से काम चल रहा है।

आयुक्त नित्या के के अनुसर योजना मद के अंतर्गत 176.32 करोड़ रुपये की लागत से 49 कार्य प्रगतिरत हैं, जिनमें 74.42 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण, 50.53 करोड़ रुपये की लागत से पेयजल आपूर्ति, 8.83 करोड़ रुपये की विद्युत व्यवस्था, 11.79 करोड़ की जलनिकासी व्यवस्था तथा 30.95 करोड़ रुपये के अन्य कार्य शामिल हैं।

■ **110 विकास कार्य तेज़ी से प्रगतिरत**

यह सभी कार्य शहर के प्रमुख आवासीय क्षेत्रों और विस्तार योजनाओं में किए जा रहे हैं।

इसी प्रकार गैर-योजना मद के अंतर्गत 100.83 करोड़ रुपये लागत के 48 कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें 42.33 करोड़ की लागत से सड़कों का निर्माण, 5.52 करोड़ की लागत से विद्युत व्यवस्था, 28 करोड़ रुपये से जल निकासी और 24.98 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न अन्य कार्य शामिल हैं। इन कार्यों का उद्देश्य शहर के पुराने व घनी आबादी वाले क्षेत्रों में आवश्यक आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना है। इसके अलावा डिपोजिट मद के अंतर्गत 273.10 करोड़ रुपये लागत के महत्वपूर्ण कार्य भी तेजी से प्रगति पर हैं। इनमें कायड़ में नए मेडिकल कॉलेज का निर्माण, जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय में सर्जिकल एवं क्रिटिकल केयर ब्लॉक, जनाना अस्पताल में गर्ल्स हॉस्टल, तथा पुष्कर शहर एंट्री गेट जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट शामिल हैं। प्राधिकरण का मानना है कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने पर अजमेर शहर को आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्मार्ट महानगर के रूप में एक नई पहचान मिलेगी।

आयुक्त अजमेर विकास प्राधिकरण ने बताया कि सभी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है और निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरे करने के निर्देश दिए गए हैं। प्राधिकरण ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे कार्यों को निर्बाध रूप से पूर्ण करवाने में सहयोग प्रदान करें, ताकि अजमेर का समग्र विकास सुनिश्चत किया जा सके।

## 14 सितंबर को वाहन रैली व ध्वजारोहण के साथ होगा आगाज

**अजमेर**, (कासं)। अग्रकुल प्रवर्तक श्री अग्रसेन महाराज की 5149वी जयन्ती इस बार धूम धाम से मनाई जाएगी, इस बार 11 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित होंगी। मंगलवार को महोत्सव की तैयारियों को लेकर श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें यह निर्णय लिया गया। श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव समिति के मुख्य संयोजक अशोक पंसारी व शिवशंकर फतहपुरिया ने बताया कि श्री अग्रसेन जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर अग्रवाल बंधुओं व मातृशक्ति की बैठक महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल में प्रसिद्ध समाजसेवी रमेशचंद अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। रमेशचंद अग्रवाल, अग्रवाल पाठशाला के अध्यक्ष सीताराम गोयल, सचिव गोपाल गोयल, पूर्व अध्यक्ष शंकर लाल बंसल तथा श्री अग्रसेन जयंती के मुख्य संयोजक अशोक पंसारी व शिवशंकर फतहपुरिया एवं गोविंद प्रसाद गर्ग ने श्री अग्रसेन महाराज के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलन कर बैठक का शुभारंभ किया।


**राजस्थान आवासन मण्डल**
**हमारा प्रयास, सबको आवास**

**667 आवास/फ्लैट्स की 5 नवीन आवासीय योजनाओं का शुभारम्भ**

**श्री झाबर सिंह खर्रा**
माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
नगरीय विकास एवं आवासन विभाग
के कर कमलों द्वारा

**दिनांक: 20 अगस्त, 2025 | स्थान: आवास भवन, जयपुर**

Flats At Dholpur, Phase III, Dholpur RAJ/P/2025/3996
Houses At Atru, Phase II, Baran RAJ/P/2025/3971
Houses At Nainwa Pocket A, Bundi RAJ/P/2025/4084
Houses At Nainwa, Pocket B, Bundi RAJ/P/2025/4058
Flats At Paneriyon Ki Madri , Phase I, Udaipur RAJ/P/2025/4065
Houses At Barmer RAJ/P/2025/4145

RERA Website: www.rera.rajasthan.gov.in

| योजना का नाम | | जिला | आय वर्ग | स्वतंत्र आवास की संख्या | अनुमानित लागत (लाखों में) |
|---|---|---|---|---|---|
| नैनवा आवासीय योजना (SRS) | पॉकेट-A | बूंदी | एमआईजी-ए | 9 | 32.35 |
| | | | एलआईजी | 12 | 22.15 |
| | | | ईडब्ल्यूएस | 23 | 11.05 |
| | पॉकेट-B | | घरोंदा | 12 | 7.80 |
| | | | ईडब्ल्यूएस | 16 | 11.05 |
| अटरू आवासीय योजना (SRS) | | बारां | एचआईजी | 13 | 51.10 |
| | | | एमआईजी-बी | 6 | 42.00 |
| | | | एमआईजी-ए | 31 | 31.40 |
| | | | एलआईजी | 89 | 21.50 |
| | | | घरोंदा | 50 | 7.60 |
| लंगेरा आवासीय योजना (SRS) | | बाड़मेर | ईडब्ल्यूएस | 80 | 8.61 |
| | | | एलआईजी | 120 | 16.30 |

| योजना का नाम | जिला | आय वर्ग | फ्लेट्स की संख्या | अनुमानित लागत (लाखों में) |
|---|---|---|---|---|
| बाड़ी रोड (SRS) | धौलपुर | ईडब्ल्यूएस (जी+3) फ्लैट्स | 48 | 12.45 से शुरु |
| | | एलआईजी (जी+3) फ्लैट्स | 16 | 19.20 से शुरु |
| पनेरियों की मादड़ी (SRS) | उदयपुर | ईडब्ल्यूएस (जी+3) फ्लैट्स | 80 | 11.68 से शुरु |
| | | एलआईजी (जी+3) फ्लैट्स | 62 | 15.00 से शुरु |

**आवेदन अवधि 20 अगस्त से 20 सितम्बर, 2025**

हेल्पलाइन नं. कार्यालय समय में: 0141-2744688, 2740009
एवं मो. नं. 9461054291/92/319, 6376868696, 9460254319

वेबसाइट पर अधिक जानकारी एवं ऑनलाइन आवेदन के लिए स्कैन करें

आवेदन ऑनलाइन पंजीकरण के माध्यम से

आवासन आयुक्त

राजस्थान संवाद